हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, सोमवार 2 दिसंबर 2024

तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 19.0 डिग्री

09 कम संसाधनों में जीवनयापन करने की कला बच्चों को सिखाई गई



10 रोसेयो स्वयंसेवकों को किया गया प्रमाणपत्र का वितरण





## खबर संक्षेप

### शिक्षक के खिलाफ एफआईआर

**महासमुंद।** किसान और उसके साथियों के साथ गाली गलौज करने वाले शिक्षक के खिलाफ बसना थाने में एफआईआर दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि ग्राम बम्हनी का किसान जगदीश साहू पिता नंदू साहू (65 साल) ने रिपोर्ट लिखाई है कि पूर्व मा शाला बम्हनी में पदस्थ शिक्षक नंदकुमार बरिहा द्वारा आए दिन शराब सेवन कर पढ़ाने स्कूल आने और बच्चों के साथ गाली गलौज किए जाने की सूचना मिली थी। इसके बाद प्रार्थी अपने साथी सरपंच बम्हनी उमेश प्रधान तथा समिति के अध्यक्ष धनुर्जय प्रधान एवं शावि समिति हाई स्कूल के अध्यक्ष पीतांबर प्रधान के साथ 30 नवंबर की सुबह 8 बजे स्कूल के शिक्षक नंद कुमार बरिहा को गाली गलौज नहीं करने के लिए समझाने गए थे। इस दौरान वह शिक्षक प्रार्थी और उसके साथियों को देखकर गाली गलौज करने लगा और मारने-पीटने की धमकी दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ 296, 351 (2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना लिया है।

### एक्सीडेंट में दो लोग घायल, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** बाइक की टक्कर से दो लोग घायल हो गए। पिथौरा थाना अंतर्गत इस मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि 13 नवंबर को महेंद्र सिंह भारती अपने दोस्त गौतम के साथ मोटर सायकल क्रमांक सीजी 04 एनटी 1286 में चंद्रपाल कॉलेज पिथौरा पढ़ाई करने आ रहे थे। इसी दौरान ग्राम मुढ़ीपार के पास एनएच 53 में करीब 10.30 बजे सामने से आ रहे मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 जीजेड 6638 के चालक अपने वाहन को तेज रफ्तार लापरवाहीपूर्वक चलाकर ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे महेंद्र सिंह भारती के सिर, बांये पैर में एवं मोटर सायकल के पीछे बैठे गौतम निराला के बांये पैर में चोंटे आई। मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

### ओडिशा निर्मित शराब जब्त

**महासमुंद।** कोमाखान पुलिस ने ग्राम नर्रा से एक आरोपी के कब्जे से ओडिशा निर्मित शराब जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि सूचना मिली थी कि ग्राम नर्रा झिटकी मोड के पास आरोपी प्रदीप यादव पिता थानुराम यादव (20 साल) नर्रा शराब की अवैध बिक्री कर रहा है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने आरोपी के कब्जे से प्लास्टिक बोरी के अंदर हिरण छाप 50 पाउच ओडिशा राज्य निर्मित शराब कुल 10 लीटर कीमत 2500 रुपए को जब्त किया। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### तुमगांव में नेत्र जांच शिविर आज

**तुमगांव।** नगर पंचायत तुमगांव में 2 दिसंबर को नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। ये आयोजन नगर के मितानिन दीदीयों, नगर पंचायत उपाध्यक्ष पप्पू पटेल व नेत्र चिकित्सालय एमजीएम रायपुर के द्वारा आयोजित है। यह शिविर नगर के निषाद भवन भाटापारा तुमगांव में आयोजित होगा। आयोजन समिति के सदस्य पप्पू पटेल ने बताया कि शिविर में सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक चिकित्सा टीम द्वारा रोगियों की जांच की जाएगी। रोगियों की जांच के बाद ऑपरेशन योग्य पाए जाने वाले रोगियों के ऑपरेशन एमजीएम के वरिष्ठ नेत्र विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा के जाएंगे। मोतियाबिंद वाले चयनित रोगियों का निशुल्क ऑपरेशन एमजीएम चिकित्सालय मोवा रायपुर में किया जाएगा। शिविर में भर्ती किए 'गए रोगियों के लिए भोजन, आवास, दवाइयों और चश्मों की व्यवस्था निशुल्क की जाएगी।

# बीसीसीआई आयोजित विजय मर्चेंट ट्रॉफी के लिए भाटापारा के गुणवंत का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

शहर के लिए बड़े हर्ष एवं गर्व की बात है कि भाटापारा अंचल के उदीयमान खिलाड़ी गुणवंत अवस्थी का चयन भारतीय कंट्रोल बोर्ड आफ इंडिया द्वारा आयोजित विजय मर्चेंट ट्रॉफी के लिए हुआ है। वे छत्तीसगढ़ राज्य को अंडर 16 कैटेगरी के लिए प्रतिनिधित्व करेंगे। वे छत्तीसगढ़ राज्य के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज की भूमिका अदा करेंगे। शिमोगा कर्नाटक में छत्तीसगढ़ का मुकाबला हिमाचल प्रदेश, पंजाब, सौराष्ट्र ,चंडीगढ़ और दिल्ली राज्यों से होगा। यह जानकारी सियोन क्रिकेट अकादमी के कोच सुमित सिंह द्वारा दी गई। विजय मर्चेंट ट्रॉफी में छत्तीसगढ़ राज्य 6 दिसंबर से अन्य राज्यों से भिड़ेगी। गुणवंत स्वास्थ्य के चयन होने पर कोच सुमित सिंह, ओंकार वर्मा, किशन भाट, पुलक निरंजन अवस्थी (पिता), सपना अवस्थी ( माता), दीपक पांडे (मामा ),गौरव शर्मा, नितिन ओझा रिकी यादव, नीलम जेम्स, अभिषेक फिलिप, निर्मल जांगड़े, शरद पंसारी, नानक साहू, दीनू पटेल , मनीष दास ने उज्जवल भविष्य की कामना की। पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ,जनप्रतिनिधि सुनील यदु, अश्वनी शर्मा,दिलीप यादव सूरज भोई,अविनाश शर्मा ,अभिषेक दास ने आशीर्वाद दिया है। गुणवंत अवस्थी सियोन क्रिकेट अकादमी के रेगुलर खिलाड़ी हैं। वे वर्तमान में बिलासपुर जिला से जिला स्तरीय मैच खेल रहे हैं।

## छत्तीसगढ़ की टीम 6 दिसंबर से अन्य राज्यों से शिमोगा कर्नाटक में भिड़ेगी

### छग की छह राज्यों से होगी भिड़ंत

विजय मर्चेंट ट्रॉफी अंडर 16 में शिमोगा कर्नाटक में छत्तीसगढ़ राज्य की टीम का मुकाबला शुरू होगा। छत्तीसगढ़ की टीम हिमाचल प्रदेश, पंजाब, सौराष्ट्र ,चंडीगढ़ और दिल्ली राज्यों से मैच खेलेगी। इस दौरान गुणवंत के छग के अंडर 11 में आने की संभावना है। विकेटकीपिंग और बल्लेबाजी में उनका प्रदर्शन बेहतर रहा है, जिससे उनके मैच खेलने की संभावना बढ़ी है।



### बेहतर प्रदर्शन के लिए तैयार

विजय मर्चेंट ट्रॉफी अंडर 16 कैटेगरी के लिए छत्तीसगढ़ टीम में चयन के पश्चात गुणवंत ने कहा कि वे अपना बेहतर प्रदर्शन करने के लिए तैयार हैं। इसके लिए वे तैयारी में जुटे हैं। विकेटकीपिंग के साथ साथ बल्लेबाजी में भी मौका मिला तो बेहतर करूंगा। यहां के प्रदर्शन के आधार पर नेशनल लेवल की अन्य प्रतियोगिताओं के लिए भी अपनी जगह बनाने की कोशिश करूंगा। कोच और परिजन का कहना है कि गुणवंत राज्य के लिए बेहतर प्रदर्शन करेगा। उसके अब तक प्रदर्शन ने सबको प्रभावित किया जिससे उसे छत्तीसगढ़ की टीम में जगह मिली है।

## आयोजन : भाजपा सरकार गांव गरीब व किसानों के लिए कार्य करने वाली

# मां महामाया मंदिर के नवनिर्माण के साथ खाद्य भवन का सांसद बृजमोहन ने किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

रायपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद बृजमोहन अग्रवाल एवं पूर्व विधायक व भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने विकासखंड सिमगा के ग्राम बनसांकरा में मां महामाया मंदिर के नवनिर्मित के साथ ही खाद्य भवन का लोकार्पण किया।

ग्रामीणों ने अतिथियों का आतिशबाजी एवं फूलमाला से आत्मीय स्वागत किया । सांसद अग्रवाल ने मां महामाया मंदिर में पूजा अर्चना के पश्चात ग्रामीणों को बधाई देते हुए कहा कि आज आपके गांव के आराध्य देवी मां महामाया मंदिर भवन का लोकार्पण हुआ है। मां महामाया गांव की हर समस्या का निवारण करेगी । भाजपा सरकार के कार्यकाल में ही हमारे धार्मिक स्थानों का नवनिर्माण देखरेख करने का पुनीत कार्य होता है । भाजपा सरकार गांव गरीब व किसानों के लिए कार्य करने वाली सरकार है । जहां हर वर्ग के लोगों के उत्थान हेतु चिंतन किया जाता है। वहीं ग्रामीणों की मांग पर सांसद ने अग्रवाल ने मुख्य मार्ग से ग्राम के चौक तक सड़क निर्माण, रंगमंच हेतु 10 लाख रूपए एवं जसगीत सेवा पार्टी के वाद्य यंत्र हेतु 10 हजार रूपए प्रदान करने का घोषणा किया । कार्यक्रम को प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा शिवरतन शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि आज माताओं को प्रतिमाह महतारी वदंन योजना से एक एक हजार रुपए प्रदान किया जा रहा है भाजपा के सरकार जब से छत्तीसगढ़ में बनी है तब से विकास की रफ्तार तेज हुई है । गांव गांव में सड़क , पानी टंकी , सामुदायिक भवन ,स्कूल आदि का निर्माण हो रहा है । जितने भी विकास के कार्य हुए हैं या हो रहे वह भाजपा सरकार की देन है।

## सड़क, रंगमंच निर्माण और जसगीत सेवा पार्टी के वाद्य यंत्र के लिए दी राशि



### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा नेता अनिल पांडे पूर्व जनपद अध्यक्ष आनंद यादव जनपद सदस्य थानेश्वर निषाद राकेश तिवारी देवलाल देवांगन राधेश्याम नायक रामखिलावन वर्मा धीरज जैन सचिन जैन अभिजीत अवस्थी छोटू यादव हेमसिंह चौहान नीरज शर्मा फूलबाई धृतलहरे अवधेश शर्मा कौशल वर्मा मनोज साहू माया सलूजा सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे ।

# बारिश से धान भीगा तो जिम्मेदारी होगी केंद्र प्रभारी की : कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- मौसम में नमी, धान खरीदी केंद्रों में बारिश से बचाव संबंधित निर्देश जारी

मौसम में नमी एवं संभावित बारिश को देखते हुए कलेक्टर दीपक सोनी ने आज पत्र जारी कर सभी खरीदी केंद्र के प्रभारियों को धान को बारिश से बचाने के लिए पर्याप्त व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। इसके तहत सभी केंद्रों में कैप कवर रखने कहा गया है। साथ ही उन्होंने दो टूक कहा है की बारिश से धान भीगा तो सीधे कार्रवाई खरीदी केंद्र प्रभारी पर होगा। उसके लिए जिम्मेदार वह स्वयं होगा। उन्होंने कहा कि किसान सुबह- सुबह धान बेचने आते हैं तो उनके लिए अलाव जलाने की व्यवस्था भी करनी चाहिए। अभी एकाएक तापमान में गिरावट दर्ज की गयी है, जिससे जिले में ठंड बढ़ गयी है। इसके साथ ही सभी एसडीएम,नायब तहसीलदार, तहसीलदार,जनपद सीईओ,सहकारिता, बैंक,खाद्य विभाग के अधिकारियों को फील्ड में जाकर निरीक्षण कर कार्यालय को प्रतिवेदन जमा करने के निर्देश कलेक्टर ने दिए हैं।

# दतान(ख) बगबुड़ा में चला एड्स जागरुकता अभियान




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बगबुडा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दतान(ख) बगबुड़ा में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने एक दिसम्बर को विश्व एड्स के गांव में जागरुकता अभियान चलाया। कार्यक्रम अधिकारी एवं प्रभारी प्राचार्य चन्द्र कुमार बंछोर भूतपूर्व सैनिक के उपस्थिति में स्वयंसेवकों ने विश्व एड्स दिवस पर एड्स के प्रति लोगों को सावधान रहने के लिए सचेत किया। यह बीमारी का इलाज नहीं है जागरुकता और सावधानी ही बचाव है। संस्था के प्राचार्य ने बताया कि गांव से 50 प्रतिशत लोग काम करने कारण राज्य से बाहर जाते हैं ।यह बीमारी से परिवार के लोगों को प्रभावित करती है। स्वयंसेवकों ने पोस्टर बैनर के माध्यम से एड्स से सावधान रहने कि सलाह दी। स्वयंसेवक अंजु मिरी,रवि कुर्रे,कावेरी निषाद सहित अन्य उपस्थित रहे।

## चक्रवात फेंगल के प्रभाव से रुक-रुककर होती रही हल्की बारिश

**सरायपाली।** दक्षिण-पश्चिम बंगाल के खाड़ी में बना चक्रवात फेंगल के प्रभाव के कारण प्रदेश के वातावरण में नमी का आगमन लगातार जारी है। इसके प्रभाव से प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में निम्न स्तर और मध्य स्तर के बादल छाए हुए वहीं कई जगह रुक-रुक कर हल्की बारिश भी हुई। नगर सहित अंचल में पूरे दिन बदली और नम हवाओं का लोगों ने सामना किया। मौसम के इस बदलाव से रुक-रुककर हल्की बारिश भी हुई। रविवार को सुबह से ही आसमान पर बदली छाई रही। सूर्यदेव के दर्शन भी नहीं हुए लेकिन ज्यादातर समय बदली व बारिश ही रही। नम हवाएं भी पूरे दिन चली। मध्य छत्तीसगढ़ में एक दो स्थानों पर बहुत हल्की से हल्की वर्षा होने के हालात निर्मित होने की मौसम विभाग के मुताबिक गरज चमक के साथ अनेक स्थानों पर वर्षा होने की संभावना व्यक्त की है।

# वाणिज्य का मोमोस, गणित का इडली- डोसा के साथ अन्य विद्यार्थियों के गुल गुल भजिया आइटम लोगों को आए पसंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

- पीएमश्री उत्कृष्ट हिंदी, अंग्रेजी माध्यम विद्यालय खरोरा में आनंद मेला
- मेले के एक सौ बीस स्टॉलों में घूम- घूमकर लोगों ने चखा स्वाद

पीएमश्री भरत देवांगन शासकीय उत्कृष्ट हिंदी, अंग्रेजी माध्यम विद्यालय खरोरा में आज आनंद मेले का आयोजन किया गया। मेले का उद्घाटन अनिल सोनी अध्यक्ष नगर पंचायत खरोरा ने किया। अध्यक्षता नरेंद्र सिंह ठाकुर शाला प्रबंधन एवं विकास समिति ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में सुमित सेन, सचिन अग्रवाल, रश्मि वर्मा,प्रेम गिलहरे, पंच राम यादव,संजीव देवांगन गुरदीप सिंह छाबड़ा, गुरजीत कौर भाटिया, भूपेंद्र सिंह छाबड़ा थे।



इस अवसर पर अनिल सोनी अध्यक्ष ने कहा कि छात्रों द्वारा किया गया प्रयास कुशल प्रबंधन को दर्शाता है।नरेंद्र सिंह ठाकुर ने अपने उद्बोधन में कहा कि छात्रों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में विविध प्रकार के उद्यमिता को अपनाने की सुंदर सीख मिलती है। आज ही अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ठाकुर का जन्मदिन भी विद्यालय परिवार द्वारा मनाया गया। छात्र छात्राओं द्वारा विभिन्न तरह के गेम्स का प्रदर्शन विभिन्न स्टॉल में किया गया। वही भुरू चाय वाला, बारहवीं वाणिज्य का मोमोस, विज्ञान निकाय के छात्रों का इडली समोसा ,पानी पूरी, नवीं के विद्यार्थियों का साबूदाना बड़ा पापड़ी चाट,अयिरसा, गुल गुल भजिया, फरा, पूड़ी सब्जी,जेरी चाय,फ्रूट सलाद, भेल, फ्रूट्स आइटम आदि थे। लगभग एक सौ बीस स्टॉल लगाए गए थे। छात्र छात्राओं ने खूब उत्साह के साथ कार्यक्रम का आनंद लिया।कार्यक्रम में विद्यालय परिवार के समस्त सदस्य उपस्थित थे।

## रुकने वाले सभी लोगों को कंबल की सुविधा अनिवार्य रूप से मुहैया कराएं

# चौक-चौराहों पर करें अलाव जलाने की व्यवस्था रैन बसेरा को भी दुरुस्त कर समुचित व्यवस्था बनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- ठंड से होने वाली बीमारियों से से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग रहे अलर्ट

अचानक बदले हुए मौसम के चलते ठंड एकाएक बढ़ गई है जिसके चलते बेघरों को बड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इन के परेशानियों को देखते हुए राज्य सरकार ने सभी रैनबसेरों में समुचित व्यवस्था करने कहा है।

इसके तहत आज कलेक्टर दीपक सोनी ने जिले में स्थित सभी रैनबसेरा की जानकारी लिया है। उन्होंने नगरीय निकायो के सभी सीएमओ को निर्देश दिया कि रैनबसेरों में रुकने वालों के लिये समुचित व्यवस्था की जाए हैं। उन्होंने विशेषकर कहा कि रैनबसेरा में रुकने वाले सभी लोगों को कंबल की सुविधा अनिवार्य रूप से मुहैया कराया जाए। इसके साथ ही नगर के सभी चौक चौराहो में ठंड से बचने हेतु आलाव की नियमित रूप से व्यवस्था करें। उन्होंने आगे कहा कि शहरों में महत्वपूर्ण स्थलों रेलवे स्टेशन,बस स्टैंड,अस्पताल, बाजार आदि क्षेत्रें में अलाव जलाने की व्यवस्था की जाये।






इसका सतत निरीक्षण किया जाए। रैन बसेरा,नाइट शेल्टर,वृद्धाश्रमों में पर्याप्त मात्र में चादर,कम्बल और अन्य जरूरी सामग्री का इंतजाम रखा जाए। यदि जरूरी हुआ तो सामुदायिक भवनों का इस्तेमाल भी रैन बसेरा के तौर पर किया जाए।

### दान के लिए संस्था व लोगों को करें प्रोत्साहित

झुग्गी–झोपड़ी और समाज के कमजोर लोगों के लिए समाजसेवी संस्थाओं कम्बल, गर्म कपड़े दान के लिए प्रोत्साहित किया जाये। आम नागरिकों को भी दान के लिए प्रेरित किया जाये। नेकी की दीवार अथवा सामग्री कलेक्शन के लिए वाहन चलाए जाने चाहिए। ठंड से होने वाली बीमारियों से बचाव के लिए उपाय करने हेतु स्वास्थ्य विभाग को भी सचेत किया गया है।

## सशिमं में लगा आचार्य व्यक्तित्व विकास वर्ग

**खरोरा।** स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरोरा में 30 नवंबर को आचार्य व्यक्तित्व विकास वर्ग का आयोजन किया गया। इस वर्ग का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर दीप मंत्र से किया गया। इस वर्ग के प्रथम कालांश में श्रीमती पूर्णिमा पाटकर एवं कुमारी चंचल चक्रधारी के द्वारा प्रार्थना एवं गीत अभ्यास कराया गया। द्वितीय कालांश ,परीक्षा संबंधी चर्चा जो अर्धवार्षिक परीक्षा की दृष्टि से रखा गया था। जिसका विषय परीक्षा प्रमुख रत लाल वर्मा ने लिया। तृतीय कालांश में हमारा लक्ष्य का लिखित अभ्यास ▶▶ शेष पेज 09 पर








## पाठक सूचना

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8224035555, 8370049468

## खबर संक्षेप



### छग कलार समाज ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात, दिया न्योता

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ कलार समाज द्वारा दीनदयाल ऑडिटोरियम में 25 दिसंबर को प्रदेश स्तरीय युवक-युवती सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल व प्रदेश अध्यक्ष युवराज सिन्हा के नेतृत्व में समाज के प्रतिनिधिमण्डल ने मुलाक़ात कर आमंत्रण देकर आमंत्रित किया। इस दौरान पिछले साल सोरर महोत्सव में की गई घोषणा को तुरंत क्रियान्वित करने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया, जिस पर मुख्यमंत्री श्री साय ने तुरंत 25 लाख रुपए भवन तथा 8 लाख प्रतिवर्ष सोरर महोत्सव के लिए स्वीकृति करने के लिए निर्देशित किया। इस मौके पर प्रतिनिधिमंडल में डॉ. किशोर सिन्हा, राजेंद्र सिन्हा, कृपाराम सिन्हा, शांतनु सिन्हा, गौरव डडसेना उपस्थित रहे।

### किसानों की समस्याओं को लेकर जिला कांग्रेस ने किया प्रदर्शन


**रायपुर।** किसानों को धान खरीदी में हो रही समस्याओं के विरोध में शनिवार को जिला कांग्रेस रायपुर ने प्रदर्शन किया। साथ ही कांग्रेस भवन में आंदोलन की रूपरेखा बनाकर किसानों की समस्याओं की विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम वर्मा ने किसानों को बारदाना, टोकन एवं एक बार में 3100+117 रुपए देने की मांग को लेकर जिला स्तरीय कमेटी, ब्लॉक स्तर में खरीदी केंद्र स्तरीय समिति बनी है, जो किसानों के हित में हर समस्या के लिए किसानों के साथ संघर्ष करने की बात कही। साथ ही व्यवस्था में सुधार, किसानों को राहत के लिए जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर द्वारा जिलाधीश के नाम ज्ञापन सौंपा। व्यवस्था में सुधार नहीं होने पर आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रकाश बांधे, भावेश बघेल, कृपाराम निषाद, मोहन वर्मा, धनराज मध्यानी, कन्हैया यादव, दिनेश ठाकुर, केशरी मोहन साहू, प्रशांत गोस्वामी, सुनील सोनी, देवा टंडन, चूड़ामणि, संतोष पल भूषण साहू, अरुण शुक्ला, रहमत उल्ला खान, सहित सैकड़ों कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

### पेंशनरों ने की डॉ. रमन से मुलाकात

**रायपुर।** भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ प्रदेश के प्रांताध्यक्ष वीरेंद्र नामदेव के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से उनके निवास में मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने मध्यप्रदेश राज्य पुनर्गठन अधिनियम 2000 की धारा 49 को विलोपित करने और विधानसभा में शासकीय संकल्प पारित करने ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में महासंघ के प्रांतीय महामंत्री अनिल गोल्हानी, कोषाध्यक्ष बीएस दसमेर, रायपुर जिला अध्यक्ष आरजी बोहरे, पीआर काटोलकर शामिल थे।

### योगेश अध्यक्ष, विपिन बने पेवा के सचिव

**रायपुर।** महाराष्ट्र भवन में शुक्रवार को आयोजित प्रैक्टिसिंग इंजीनियर वेलफेयर एसोसिएशन (पेवा) की वार्षिक सामान्य सभा में इंजीनियर योगेश शर्मा को अध्यक्ष बनाया गया। अन्य पदाधिकारियों में इं. विपिन शर्मा को सचिव, इं. महेश पोपटानी को कोषाध्यक्ष इं. राजेश जैन को



कोषाध्यक्ष व इं. साहित्य राव को उपसचिव चुना गया। इस मौके पर पेवा की एजीएम में पहुंचे राजधानी के इंजीनियर्स ने महाराष्ट्र मंडल के नवनिर्मित भवन का निरीक्षण भी किया। सभी इंजीनियर्स ने मंडल के अध्यक्ष अजय मधुकर काले को इतने व्यवस्थित व वैभवपूर्ण भवन का निर्माण कर समाज व नगर के लिए एक अमूल्य संपत्ति उपलब्ध कराने के लिए बधाइयां दीं। इस अवसर पर सीएस पिल्लीवार, एसके अग्रवाल, आलोक महावर, नवीन शर्मा, प्रशांत बानी, हरीश पुरोहित, मनीष पिल्लीवार, नीलकंठ अग्रवाल, शैलेंद्र शर्मा सहित शहर के अनेक प्रतिष्ठित प्रैक्टिसिंग इंजीनियर उपस्थित रहे।

# मंत्री, विधायक चला रहे नगर निगम, अधिकारियों पर भाजपा नेताओं का दबाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

महापौर एजाज ढेबर ने कहा, नगर निगम को शहर के 4 विधायक और मंत्री चला रहे हैं। निगम के अधिकारियों पर भाजपा नेताओं का दबाव है। महापौर एजाज ढेबर ने शनिवार को गांधी सदन में पत्रकारों से चर्चा करते हुए इस आशय के आरोप लगाए।

चर्चा में उन्होंने कहा शहर की ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने के नाम पर नगर निवेश अमला 70 वार्डों में गरीबों के ठेले और गुमटियों को जिस तरह से हटा रहा है, वह गलत है। 20 साल से फूल चौक पर ठेला, गुमटी लगाकर आजीविका चलाने वाले लोगों को बिना व्यवस्थापन के हटाया गया। इसकी जानकारी न मेयर को दी गई और न ही परिषद को इसकी जानकारी है। परिषद से चर्चा किए बिना नगर निवेश के अधिकारियों ने यह एक्शन लिया है।

एनआईटी के सामने भी गरीब व जरूरतमंद लोगों के ठेले व गुमटियों को हटाकर ग्रिल लगा दी गई। वहीं बूढ़ातालाब में लोगों के विरोध के बाद भी चौपाटी का काम तेजी से चल रहा है। यह तो दोहरा मापदंड है।

बूढ़ातालाब के पास बन रही चौपाटी का विरोध करते हुए महापौर एजाज ढेबर ने कहा कि डबल स्टोरी चौपाटी जहां बन रही है, वहां से दानी स्कूल, डिग्री कालेज का व्यू सीधा दिख रहा है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश की अनदेखी कर तालाब के 100 मीटर दायरे में चौपाटी खोली जा रही है, जो गलत है।

## महापौर एजाज ढेबर ने राज्य सरकार पर लगाए आरोप



### मच्छर उन्मूलन में हुआ भ्रष्टाचार

महापौर ने कहा कि शहर में मच्छरों की समस्या दूर करने हमारी मंशा ग्लोबल टेंडर बुलाने की थी, लेकिन अफसोस की बात है, यह ग्लोबल टेंडर नहीं हुआ और दुर्ग की एक एजेंसी को काम दिया गया है, जो कि पूरी तरीके से मच्छर उन्मूलन में फेल रही है। दो माह में कंपनी को 65 लाख का भुगतान कर दिया गया है, जबकि उसका परफार्मेंस जीरो रहा है। मच्छर उन्मूलन के नाम पर बड़ा भ्रष्टाचार हुआ है। सोमवार को एमआईसी की बैठक में हम इस मुद्दे को गंभीरता से उठाएंगे। महापौर ने नगर निगम में यूनीपोल घोटाला की कैट से जांच करवाए जाने की मांग की है।

# अफीम तस्करी, तीन तस्कर गिरफ्तार 350 ग्राम बरामद



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

डीडीनगर थाने की पुलिस ने अफीम तस्करी करने के आरोप में तीन अंतर्राज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है।

■ डीडीनगरह थाने की पुलिस ने की कार्रवाई

पुलिस ने तस्करों के कब्जे से पौने तीन लाख रुपए कीमत की साढ़े पांच सौ ग्राम अफीम तथा नकदी 20 हजार रुपए जब्त किए हैं। तस्कर मध्यप्रदेश, रतलाम से रायपुर में अफीम डिलीवरी देने के लिए आए थे। इसी दौरान जांच के दौरान पुलिस ने तस्करों की कार की तलाशी लेते हुए अफीम जब्त की। पुलिस के मुताबिक अफीम तस्करी करने के आरोप में रायपुर, कबीर नगर हीरापुर निवासी अमरीक सिंह, मध्यप्रदेश, रतलाम निवासी किशोर दमामी तथा राधेश्याम चौहान को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार अमरीक सिंह ने किशोर तथा उसके साथी से संपर्क कर अफीम मंगवाया था। पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक अमरीक सिंह स्वयं अफीम का नशा करता है, उसने अपने लिए अफीम मंगवाया था। पुलिस से बचने तस्करों ने अफीम को कार की सीट के निचे छिपाकर रखा था।

# कैट ने थोक कपड़ा व्यापारी संघ पंडरी के नवनियुक्त अध्यक्ष का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



सीजी चेप्टर कैट की टीम ने राजधानी के प्रदेश कार्यालय में बैठक आयोजित कर पंडरी थोक कपड़ा व्यापारी संघ के नव नियुक्त अध्यक्ष सरल मोदी और उनकी टीम का मोती माला पहनाकर स्वागत किया।

■ सरल मोदी और उनकी टीम का मोतीमाला पहनाकर स्वागत

कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी की अध्यक्षता में हुई बैठक में कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन सहित कैट एवं युवा टीम के पदाधिकारी शामिल हुए।

दरअसल, गत दिनों सिंधु भवन देवेंद्र नगर पंडरी में आगामी दो वर्षों के लिए कपड़ा व्यापारी संघ पंडरी के अध्यक्ष चुनने चुनावी आमसभा आयोजित की गई। इस आमसभा में सभापति प्रकाशचंद सुराना और पदम डाकलिया ने चुनाव संचालन करते हुए सभी औपचारिकताएं पूर्ण कीं। इस दौरान सरल मोदी को निर्विरोध अध्यक्ष बनाया गया। महासचिव पद पर प्रकाशचन्द अग्रवाल , कोषाध्यक्ष शान्ति लाल बरडिया नियुक्त नियुक्त किये गये। जयचंद नवानी को उपाध्यक्ष एवं राजकुमार दरिया सचिव, मूलचंद जैन, सुशील दरिया कार्यकारिणी के रूप में नियुक्त किए गये।

इस मौके पर कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र दोशी ने कहा कि व्यापारिक संघ की चुनाव प्रक्रिया में आपसी सहमति से नये कार्यकाल के लिए पदाधिकारी नियुक्ति की जानी चाहिए। व्यापारिक संगठनो मे निर्विरोध चुनाव होने से आपस में भाईचारा बना रहता है। सभी व्यापारिक संगठनों के संगठित होने पर व्यापारी समाज मजबूत होगा । जिससे व्यापारिक संघ में मन -मुटाव कि स्थिति नहीं होती है। ये आपसी सहमति से संभव है। वर्तमान में गुरूनानक चौक व्यापारी संघ एवं थोक कपड़ा व्यापारी संघ पंडरी का चुनाव एक मिसाल है। जिसे अन्य व्यापारी संघों को अमल करना चाहिए।

बैठक में कैट एवं युवा टीम के पदाधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे इनमें वासु माखीजा, सुरिन्द्र सिंह, भरत जैन, कैलाश खेमानी, जयराम कुकरेजा, महेन्द्र कुमार बागरोड़िया, महेश जेठानी, नरेश पाटनी, प्रीतपाल सिंह बग्गा, नागेन्द्र तिवारी, मोहन वर्ल्यानी, विजय पटेल, दीपक विधानी, रतनदीप सिंह, मनीष सोनी, शैलेन्द्र शुक्ला, सुशील लालवानी, लालवानी, अमित गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारी शामिल हैं।

# चोरी का आरोपी चेन स्नैचिंग के आरोप में साथी के साथ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

तेलीबांधा पुलिस तथा क्राइम की टीम ने चोरी के आरोप में जेल जा चुके बदमाश तथा उसके एक अन्य साथी को चेन स्नैचिंग के आरोप में गिरफ्तार किया है। बदमाशों ने दस दिन पूर्व अवंति विहार में पूजा करने मंदिर जा रहे व्यक्ति के गले से चेन लूट की थी। पुलिस के मुताबिक चेन स्नैचिंग के आरोप में जेल जा चुके कुलेश्वर साहू तथा उसके साथी टुकेश कुमार साहू को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार दोनों बदमाशों को महेश्वर सिंग साहू की शिकायत पर गिरफ्तार किया गया है। महेश्वर ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि 22 नवंबर को वह सुबह सात बजे मंदिर पूजा करने जा रहा था। इस दौरान अवंति विहार तालाब के पास मुंह में स्कार्फ बांधे युवक महेश्वर के करीब पहुंचा और उसके गले से चेन लूटकर मौके से फरार हो गया। पुलिस के अनुसार महेश्वर के कहने पर टुकेश्वर ने चेन स्नैचिंग की थी। पुलिस ने दोनों बदमाशों को मुखबिर की सूचना तथा सीसीटीवी फूटेज के आधार पर गिरफ्तार किया है।



■ दस दिन पूर्व मंदिर जा रहे व्यक्ति के गले से चेन स्नैचिंग की थी

# हादसे में कटा हाथ, हौसले से हासिल की मंजिल, पीएससी पास कर बना सहकारी निरीक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मन में अगर कुछ कर गुजरने का माद्दा हो, तो सारी चुनौतियां छोटी हो जाती हैं। विद्युत विभाग के संविदा कर्मचारी ने ऐसी ही चुनौती स्वीकारी और अपनी मंजिल हासिल कर ली। एक हादसे में उसका हाथ कट गया था। सहानुभूति के बजाए उसे ताने सुनने मिले, मगर उसने हार नहीं मानी। कड़ी मेहनत कर उसने सीजीपीएससी की परीक्ष पास की और शासकीय सेवा में अफसर बन गया।

■ हादसे में कट गया था हाथ, कड़ी परीक्षा पास कर बना अफसर

सीजीपीएससी की परीक्षा में अव्वल दर्जे से पास हुए लोकनाथ साहू का चयन सहकारी निरीक्षक के रूप में हुआ है। लोकनाथ साहू इसके पहले बेमेतरा में बिजली विभाग में संविदा कर्मचारी था। कुछ समय पहले काम करने के दौरान करंट लगने से वह बुरी तरह झुलस गया। काफी इलाज के बाद भी उसका बायां हाथ बचाया नहीं जा सका। विपत्ति तब टूट पड़ी जब विभाग द्वारा उसकी कोई सहायता नहीं की गई। उल्टे उसे नौकरी से यह कहकर निकाल दिया गया कि वह अब काम करने के लायक नहीं है।



### साधारण परिवार से रखते हैं ताल्लुक

विभागीय फैसले के खिलाफ उसने न्यायालय की लंबी लड़ाई लड़ी और अपना हक हासिल किया। साधारण किसान परिवार से ताल्लुक रखने वाले लोकनाथ के सामने जीवन एक बड़ी चुनौती के रूप में खड़ी थी। उसने आने वाली तमाम रुकावटों का डटकर सामना किया और बड़ा मुकाम हासिल करने में सफलता पाई। उसने कड़ी मेहनत करते हुए सीजी पीएससी 2023 की परीक्षा में भाग्य आजमाया। मेहनत रंग लाई.. अच्छे नंबर और रैंक के साथ उसने सफलता हासिल की तथा लोगों को सामने उदाहरण प्रस्तुत किया।

# नगरीय निकाय के प्लेसमेंट कर्मचारी 3 दिसंबर से करेंगे अनिश्चितकालीन हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ के आव्हान पर प्रदेशभर के 184 नगरीय निकायों के 20 हजार प्लेसमेंट कर्मचारी अपनी 3 सूत्रीय मांगों को लेकर 3 दिसंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहेंगे। राजधानी में शनिवार को महासंघ की प्रदेश स्तरीय बैठक में इस आशय का निर्णय लिया गया। बैठक में महासंघ के पदाधिकारी और जिला अध्यक्ष मौजूद रहे।

■ हादसे में कट गया था हाथ, कड़ी परीक्षा पास कर बना अफसर

नगरीय निकाय चुनाव से पहले प्रदेशभर के नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर राज्य शासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। लामबंद कर्मचारी 3 दिसंबर से काम ठप कर लंबित मांगों को लेकर आवाज बुलंद करेंगे। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष संजय ऐड़े ने बताया कि राजधानी रायपुर के तूता स्थित धरनास्थल पर रिनोवेशन का काम चलने से धरना प्रदर्शन की अनुमति नहीं मिली, इसलिए रायपुर को छोड़कर प्रदेश के सभी जिलों में 19 नवंबर से आंदोलन लगातार जारी है। अब 3 दिसंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का फैसला लिया गया है।




### 3 सूत्रीय मांग इस तरह

- नगरीय निकायों में प्लेसमेंट ठेका प्रथा को तत्काल बंद करने की मांग।
- नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारियों को निकायों में 5 से 10 साल सेवा के बाद समायोजन कर एक निश्चित अवधि में नियमित किया जावे।
- संबंधित निकायों द्वारा प्लेसमेंट कर्मचारियों के बैंक खाते में वेतन भुगतान करने की मांग।

# शराब दुकान के सुपरवाइजर ने किया गबन, एजेंसी कर्मचारियों से पैसा वसूलने बना रही दबाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

गंज स्थित कंपोजिट शराब दुकान के कर्मचारियों ने सुपरवाइजर द्वारा गबन किए गए साढ़े 16 लाख रुपए की वसूली के लिए प्लेसमेंट एजेंसी के खिलाफ दबाव बनाने तथा जेल भेजने के आरोप लगाए हैं। दुकान में काम करने वाले कर्मचारियों के मुताबिक प्लेसमेंट एजेंसी ने रकम वसूलने उनकी दोपहिया जब्त करने सहित दो महीने की सैलेरी नहीं देने तथा सैलेरी से रकम काटे जाने का आरोप लगाया है। शराब दुकान कर्मचारियों ने इसकी लिखित शिकायत एसएसपी कार्यालय सहित अन्य संबंधितों के पास की है।

■ 13 नवंबर को ऑडिट करने के दौरान मिली साढ़े 16 लाख रुपए की गड़बड़ी


कंपोजिट शराब दुकान में काम करने वाले एक कर्मचारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया है कि दुकान के सुपरवाइजर विकाश शर्मा ने धीरे-धीरे कर साढ़े 16 लाख रुपए गबन किया है। ऑडिट में पकड़े जाने के बाद विकाश ने तीन लाख रुपए जमा किया। शेष राशि नहीं देने पर प्लेसमेंट एजेंसी वीआईएस कर्मचारियों पर पैसा जमा करने दबाव बना रही है। साथ ही पैसा नहीं देने पर जेल भेजने की धमकी दे रही है।



### दो महीने की सैलरी रोक दी

कर्मचारी के अनुसार प्लेसमेंट एजेंसी ने उन लोगों से सैलेरी का पैसा काटने के साथ दो महीने की सैलेरी रोक दी है। पैसा नहीं देने पर कई कर्मचारियों की प्लेसमेंट एजेंसी ने उनकी बाइक जब्त कर ली है। कर्मचारी के अनुसार सुपरवाइजर की गड़बड़ी सामने आने पर प्लेसमेंट एजेंसी ने एक कर्मचारी को छोड़ शेष अन्य आठ कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है।

# बजरंगबली के जयकारों से गूंजा शहर, भंडारे में उमड़े श्रद्धालु



**रायपुर।** अमावस्या पर्व के अवसर पर बूढ़ेश्वर चौक स्थित श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर के प्रांगण में शनिवार को छत्तीसगढ़ की सुख, शांति, समृद्धि के लिए पूजा-अर्चना की गई। साथ ही प्रसाद वितरण किया गया, जिसमें भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। साथ ही मा हौ ल बजरंगबली के जयकारों से गूंजता रहा। इस मौके पर कार्यक्रम के आयोजक महंत राजेश शर्मा ने बताया कि हनुमान मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। यहां दिनभर प्रसाद वितरण का सिलसिला जारी रहा। मंदिर में मेले जैसा दृश्य नजर आया। साथ ही रामचरित मानस का अखंड पाठ किया गया।



# थोक में किए गए तबादले: लोक निर्माण विभाग में 71 अभियंताओं की नई पदस्थापना

**रायपुर।** राज्य शासन के लोक निर्माण विभाग ने 71 अधिकारियों की नई पदस्थापना की है। उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद विभाग ने मंत्रालय से अधीक्षण अभियंताओं, कार्यपालन अभियंताओं और सहायक अभियंताओं की नवीन पदस्थापना के आदेश जारी किए हैं। जिन अधिकारियों के नाम इसमें शामिल हैं, उनमें कार्यपालन अभियंता पीएल पैकरा को रायपुर से सारंगढ़, मधेश्वर प्रसाद बालोद से बीजापुर, बीके ध्रुव बीजापुर से जगदलपुर, निर्मल कुमार सिंह बेमेतरा से रायपुर, हेमंत अरोरा को रायपुर से नवा रायपुर, हीरामन सिंह नायक को अंबिकापुर से दुर्ग, डीके महेश्वरी दुर्ग से रायपुर, डीके चंदेल रायपुर से बेमेतरा, एके श्रीवास दुर्ग से नवा रायपुर, ललित कुमार भोई अंबिकापुर से नारायणपुर, सुबोध राम भगत बचेली ये अंबिकापुर, हरनारायण पात्र जगदलपुर से सुकमा, मोहन राम भगत को अंबिकापुर से रामानुजगंज, गोविंद अहिरवार रायपुर को रायपुर, केके सरल चांपा से कांकेर, रणजीत अशोकि घाटगे रायपुर से कवर्धा, राजेंद्र कुमार सोनकर बलौदाबाजार से कांकेर, ब्रजेश चतुर्वेदी मनेंद्रगढ़ से बिलासपुर, नितेश तिवारी को अंबिकापुर से बिलासपुर, विशाल तिवारी को रायपुर से विधानसभा संभाग रायपुर, अभिनव श्रीवास्तव रायपुर से रायपुर, संतोष कुमार नेताम धमतरी को धमतरी, आशीष कुमार दुबे रायपुर को मनेंद्रगढ़, महावीर प्रसाद डडसेना को नगरी से रायपुर, संतोष कुमार गुप्ता रामनुजगंज को नवा रायपुर, मोचन प्रसाद कश्यप को पत्थलगांव, वीरेंद्र चौधरी को जशुपर से अंबिकापुर, नंद किशोर डडसेना नवा रायपुर को अंबिकापुर, केशव प्रसाद लहरे को चांपा से सूरजपुर, अमित कश्यप को रायगढ़, भोज कुमार मांझी गुण्डरदेही से दंतेवाड़ा, रमेश कुमार शर्मा को जांजगीर से रायगढ़, रामाधार तांबे को रायपुर से अंबिकापुर, रामेश्वर प्रसाद सिंह नवा रायपुर से गरियाबंद, सुनील कुमार चौरसिया राजनांदगांव, प्रियंका मेहता बिलासपुर से सक्ती, प्रज्ञा नंद जगदलपुर से कोंडागांव, रश्मि वैश्य लोरमी से बिलासपुर, मेरी दिव्या गुलाब केरकेट्टा को अंबिकापुर, नीता रामटेके को राजिम से बलौदाबाजार, रितू खरौ को बालोद से मानपुर, ममता पटेल को मुंगेली से चांपा, आशा मंडावी को आंगढ़ से कांकेर पूर्णिमा कौशिक को महासमुंद से बालोद, नित्या कुमारी को पंडरिया से पेंड्रा, श्रद्धा सिंह को रायपुर, एसके सतपथी को मनेंद्रगढ़ से मुंगेली, अनुज शर्मा गरियाबंद से बलौदाबाजार, आशीष कुमार को नवा रायपुर से दुर्ग, देवनारायण वर्मा को रायपुर, चंद्र किशोर पांडे बिलासपुर से दुर्ग, प्रदीप गुप्ता राजनांदगांव से दुर्ग, शिवलाल ठाकुर को दंतेवाड़ा से रायपुर, प्रभात कुमार सक्सेना आरंग से रायपुर, चंद्रशेखर चंद्राकर रायपुर से महासमुंद, व्हीएनके शास्त्री को बलासपुर, संजय चौहान रायपुर से नवा रायपुर, रामरतन ध्रुव कांकेर से जगदलपुर, विंध्यराज सिंह बिलासपुर, जेएन मानकर नारायणपरु से रायपुर, टीएन सिंह जशपुर और टीसी वर्मा को बलौदाबाजार में पदस्थ किया गया है।

# रायपुर सहित राज्य के चार शहरों में चलेंगी ई-बसें

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ के चार शहरों रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग-भिलाई और कोरबा में नागरिकों को जल्द ही ईको-फ्रेंडली, किफायती, भरोसेमंद और सुगम परिवहन की सुविधा मिलने जा रही है। प्रधानमंत्री ई-बस सेवा के तहत इन चारों शहरों में 240 ई-बसें संचालित की जाएंगी।




मुख्यमंत्री की पहल पर भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री ई-बस सेवा के तहत रायपुर के लिए 100, बिलासपुर और दुर्ग-भिलाई के लिए 50-50 तथा कोरबा के लिए 40 ई-बसों की स्वीकृति प्रदान की गई है। राज्य स्तर पर इसके लिए सूडा को नोडल एजेंसी तथा संबंधित जिलों में गठित अरबन पब्लिक सर्विस सोसाइटी को क्रियान्वयन एजेंसी बनाया गया है। राज्य शासन ने सड़कों पर इन ई-बसों को उतारने की तैयारियां तेज करते हुए चारों शहरों में बस डिपो और बीटीएम पॉवर इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए 67 करोड़ 40 लाख रुपए मंजूर करते हुए निविदा आमंत्रण की भी अनुमति दे दी है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के राज्य शहरी विकास अभिकरण ने चारों शहरों में ई-बस सेवा के संचालन के लिए अलग-अलग गठित अरबन पब्लिक सर्विस सोसाइटी को इन दोनों कार्यों के लिए राशि स्वीकृत करते हुए निविदा आमंत्रित करने कहा है।

# कोर कमेटी में भी नगरीय निकाय पंचायत चुनाव साथ कराने पर मंथन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



भाजपा ने नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव की तैयारी को लेकर शनिवार को कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में बड़ी बैठक की है। पहले तीन संभागों बिलासपुर, सरगुजा और बस्तर की बैठक हुई। इसके बाद कोर कमेटी की बैठक की गई। कोर कमेटी की बैठक में भी नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव साथ कराने पर मंथन किया गया। इसी के साथ नगर निगमों में महापौर और नगर पालिकाओं में अध्यक्ष का चुनाव प्रत्यक्ष कराने पर भी चर्चा की गई। सरकार जल्द इस पर फैसला लेगी। ऐसा माना जा रहा है कि भाजपा दोनों चुनाव एक साथ कराने की तैयारी में है। प्रदेश भाजपा संगठन ने नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव को लेकर संभागों की बैठक में यह जानने का प्रयास किया है कि संभाग के जिलों के पदाधिकारी, प्रदेश भर के भाजपा के महापौर, अध्यक्ष, सभापति, नेता प्रतिपक्ष, सांसद, विधायक और जन प्रतिनिधि क्या सोचते हैं। ऐसे में इनके साथ नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव एक साथ कराने को लेकर रायशुमारी की गई है। इसी के साथ महापौर और अध्यक्ष के चुनाव को प्रत्यक्ष कराने पर भी बात की गई है।

## खबर संक्षेप



### हरिभूमि आईएनएच के फ्रीडम रन इंडिया में हुए शामिल

बंगोली। फ्रीडम रन इंडिया के तहत अंकुश यादव, जीत कुमार कंडरा व घनेंद्र कुमार कंडरा ने लगाया दौड़। फ्रीडम रन इंडिया से मोटापा, आलस, तनाव, चिंता और दूसरी बीमारियों से बचने के लिये फ्रीडम रन इंडिया में दौड़ लगाने के लिए हरिभूमि आईएनएच द्वारा लोगों प्रोत्साहित किया गया।

### सिविल सेवा के निष्पक्ष परीक्षा परिणाम से युवाओं में उत्साह : साहू

**महासमुंद**। छत्तीसगढ़ राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा 2023 का परिणाम जारी किया जा चुका है। भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का युवाओं की ओर से आभार व्यक्त किया व बधाई दी।भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू ने कहा कि इस बार परीक्षा की पूरी प्रक्रिया अविवादित और निष्पक्ष रही है, जिससे युवाओं विशेषकर सिविल सेवा, व्यापम एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे युवाओं में उत्साह बढ़ा है तो साथ ही उनके परिजन भी ख़ुश है कि राज्य में सुशासन की सरकार लौटने से उनके बच्चों का भविष्य सुरक्षित हाथों में है । बीते वर्षों में कांग्रेस सरकार के दौरान सिविल सेवा और व्यापम परीक्षा परिणाम विवाद व घोटालों की भेंट चढ़ता रहा । कई परिणामों में नेताओं या अफसरों के परिवार पोषण का मामला सामने आया और मामला न्यायालय व सीबीआई जांच तक पहुंच गया ।

### आशीबाई गोलछा मिडिल स्कूल के बच्चे शैक्षणिक भ्रमण कर लौटे

**महासमुंद**। आशी बाई गोलछा शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय महासमुंद के छात्र-छात्राओं ने आज प्रधान पाठक जीआर साहू के मार्गदर्शन में शैक्षणिक भ्रमण हेतु रायपुर के जंगल सफारी, छत्तीसगढ़ साइंस सेंटर रायपुर, कौशल्या माता मंदिर चंदखुरी के लिए संकुल समन्वयक पवन साहू ने हरी झंडी दिखाते हुए सोद्देश्य यात्रा की शुभकामनाएं देकर रवाना किया। इस भ्रमण में शाला के शिक्षक स्टाफ के साथ कुल 110 बच्चों का जत्था जंगल सफारी में खुले वातावरण में भालू , शेर, हिरण, बाघ व मोर को नजदीक से देखकर हर्षित हुए पश्चात छत्तीसगढ़ साइंस सेंटर रायपुर पहुचकर दोपहर भोजन के बाद साइंस सेंटर के अंदर

पेज 7 का शेष

### सशिमं में लगा...

हुआ। चतुर्थ कालांश में अश्विनी पाटकर प्राचार्य द्वारा दिसंबर माह की कार्ययोजना बताई गई। आचार्य व्यक्तित्व विकास वर्ग का आयोजन आचार्यों के व्यक्तित्व में निरंतर विकास करने के लिए किया जाता है।

# 290 उपार्जन केंद्रों में अब तक नहीं हुई बोहनी, प्रति एकड़ औसत उपज खरीदी के फार्मूले से किसानों में आक्रोश

## बस्तर के सुकमा और कई जिलों में कटाई न होने से नहीं पहुंचा धान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में धान खरीदी को शुरू हुए करीब एक पखवाड़ा पूरा हो गया है। प्रदेश के 2739 धान उपार्जन केंद्रों में से 2449 केंद्रों में ही किसानों से धान खरीदी हुई। 290 उपार्जन केंद्रों में अब तक खरीदी शुरू नहीं हो पाई है। खरीदी शुरू न हो पाने का कारण यह बताया जा रहा है कि कई क्षेत्रों में धान की कटाई पूरी नहीं हो पाई है, इनमें बस्तर और अन्य जिले शामिल हैं।

वहीं कई जिलों में अपैक्स बैंक ने औसत फसल उत्पादन के आधार पर खरीदी करने के निर्देश दिए हैं। रायगढ़ और जशपुर जिले के औसत उत्पादन के आधार पर 14 क्विंटल प्रति एकड़ खरीदी के निर्देश का किसानों के द्वारा विरोध के धान नहीं बेच रहे हैं। 14 नंवबर से धान खरीदी शुरू होने के बाद प्रदेश के एक दर्जन से अधिक जिलों के धान खरीदी केंद्रों में खरीदी शुरू नहीं हो पाई है। इन जिलों में बस्तर में कुल 79 केन्द्रों में धान खरीद होनी है, जिसमें से 17 केन्द्रों में ही खरीद आरंभ हुई है। इन केन्द्रों में अब तक किसान धान लेकर नहीं पहुंचे हैं। वहीं बीजापुर के 9, सुकमा के 19 खरीदी केंद्रों में धान की बोहनी नहीं हो पाई है। बताया जाता है कि यहां पर धान के फसल पकने में देरी के कारण अभी कटाई नहीं हुई है। किसान अब कटाई में लग गए हैं। वहीं जांजगीर जिले के 129 खरीदी केंद्रों में खरीदी होनी थी, इनमें से 45 केंद्रों में किसान धान लेकर अब तक नहीं पहुंचे हैं। रायगढ़ के 105 खरीदी केंद्रों में से 44 में खरीदी हो रही है 61 केंद्रों में खरीदी शुरू नहीं हुई है। सक्ती जिले के 125 खरीदी केंद्रों में से 60 में खरीदी हो रही है, 65 केंद्रों में खरीदी शुरू नहीं हुई है। जशपुर के 45 खरीदी केंद्रों में से 34 में खरीदी हो रही 11 केंद्रों में खरीदी शुरू नहीं हो पाई है। वहीं बलरामपुर के 48 खरीदी केंद्रों में से 17 में ही खरीदी हो रही है। 29 केंद्रों में अब तक बोहनी नहीं हो पाई है। कोरबा में 65 खरीदी केंद्र हैं, जहां 58 में खरीदी हो रही है। 8 केंद्र ऐसे हैं जहां किसानों ने अब तक धान नहीं लाया है।




### जशपुर और मनेंद्रगढ़ के किसानों में आक्रोश

राज्य में भाजपा सरकार बनने पर किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी करने का वादा किया गया था। प्रदेश के सभी सहकारी समितियों में इसके निर्देश भी जारी किए गए थे। खरीदी शुरू होने के बाद अपैक्स बैंक के अधिकारियों ने जिलों में औसत उपज के आधार पर खरीदी को आधार मानते हुए कई जिलों के लिए निर्देश जारी किए हैं। उनमें जशपुर जिले में प्रति एकड़ 21 क्विंटल के बजाय 14-15 क्विंटल धान खरीदी के निर्देश दिए गए हैं। इनमें जशपुर जिले के 11 खरीदी केंद्रों में किसानों के द्वारा समितियों में धान ले जाया गया, पर 14 क्विंटल खरीदी करने के निर्देश के बाद धान वापस ले गए। जबकि मनेंद्रगढ़ तहसील में बरबसपुर, नागपुर और अन्य केंद्रों पर किसानों का धान लौटा दिया गया और सिर्फ 15 क्विंटल प्रति एकड़ की खरीदी की गई।

## धर्म नगरी दामाखेड़ा में पांच दिवसीय शिविर का किया गया आयोजन

# कम संसाधनों में जीवनयापन करने की कला बच्चों को सिखाई गई

### जांच परीक्षा शिविर में जीवन में आत्मसात करने की विधाएं बताई

हरिभमि न्यूज ▶▶| पलारी

भारत स्काउट एंड गाइड रायपुर छत्तीसगढ़ के बलौदा बाजार में पांच दिवसीय द्वितीय सोपान जांच परीक्षा शिविर का आयोजन 26 से 30 नवंबर तक ब्लॉक पलारी ब्लाक सिमगा के संयुक्त तत्वावधान में शिविर धर्म नगरी दामाखेड़ा में आयोजित किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में बच्चों की सहभागिता रही। शिविर में पलारी ब्लाक से भी बड़ी संख्या में विभिन्न स्कूलों से स्काउट एंड गाइड्स के विद्यार्थियों ने अपनी सहभागित दी।

शिविर का शुभारंभ ध्वज शिष्टाचार के साथ किया गया। साथ ही 5 दिनों तक बच्चों को जीवन उपयोगी विभिन्न प्रकार की विधाएं सिखाई गई। बच्चे कम संसाधनों में भी अपना जीवन कैसे यापन कर सकते हैं, इसकी भी कला बच्चों को सिखाई गई। इस शिविर के शिविर संचालक इनु राम वर्मा लीडर ट्रेनर स्काउट विभाग के मुख्य शरीर संचालक रहे साथ ही सहायक के रूप में पलारी ब्लाक से संजीव कुमार पटेल एवं धनेश्वर वर्मा एवं मनीष बघेल ने क्वार्टर मास्टर के दायित्व का निर्वहन किया। साथ ही गाइड विभाग की शिविर संचालिका सुश्री नेहा उपाध्याय डीओसी गाइड बलोदा बाजार एवं सहायक सावित्री वर्मा एवं निर्मला वर्मा रही। इस शिविर के अंतिम दिवस में महाशिविर ज्वाल का आयोजन किया गया। जिसका मंच संचालन अजय उपाध्याय ने बड़े ही अद्भुत तरीके से किया। उनके संचालन ने लोगों को गुदगुदाया- हंसाया। साथ ही ज्ञानवर्धक बातें भी बताई। महाशिविर ज्वाल के कार्यक्रम में धर्म नगरी दामाखेड़ा में अतिथि के रूप में अधिकारी उपस्थित थे।



#### इनकी रही सहभागिता


शिविर में गोरी भारद्वाज,दामिनी बैरागी, वाई पी साहू,दाऊलाल वर्मा, धर्मपाल दहरिया, जगदीश वस्त्रकर, रुपेश कुमार पसीने, किरण दंतेश्वरी, श्रीमती साहू,काव्या पंगा, नीरज कुमार आदि ने अपनी सहभागिता दी।

# पीएचसी में आयुष्मान वय वंदना कार्ड मुफ्त बनाया जा रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| संडी बंगला

भारत सरकार शासन योजनांतर्गत एवं स्वास्थ्य विभाग मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी की पहल एवं खंड चिकित्सा अधिकारी के निर्देशानुसार 70. वृद्धजनों का आयुष्मान वय वंदना कार्ड प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जर्वे में संस्था प्रभारी भूमिका केशरवानी के आदेशानुसार प्रतिदिवस सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक निःशुल्क रूप से बनाया जा रहा है ।

उल्लेखनीय है कि सरकारी व निजी अस्पतालों में 5 लाख तक मुफ्त ईलाज के लिए 70 वर्ष से अधिक उम्र वाले बुजुर्गो को केवाईसी कराकर नया आयुष्मान कार्ड बनवाना होगा। कार्ड नही बनवाने पर सरकारी या निजी अस्पताल राशन कार्ड के प्रकार के अनुसार पुरानी लिमिट में ही ईलाज की सुविधा देगें।बीपीएल कार्ड होने पर उनके सहित पूरे परिवार को हर साल 5 लाख और एपीएल होने पर 50 हजार तक मुफ्त ईलाज की सुविधा मिलेगी। केवाईसी कराने पर बुजुर्गो का अगल आयुष्मान कार्ड जनरेट हो जायेगा। इस कार्ड से वे




किसी भी सरकारी व इन्पैलन निजी अस्पतालों में 5 लाख रूपये तक स्वयं का ईलाज करा सकेंगे। राशन कार्ड में दर्ज ब्यौरा अनुसार जिले में 70 प्लस आयु वर्ग वाले कुल 88850 लोग है। इनमें अधिकतर के नाम उनके परिवार के पास मौजूद राशनकार्डो में दर्ज है। अब तक उन्हे उनके परिवार को जारी राशनकार्ड अनुसार ईलाज की सुविधा मिलती रही है। नई स्कीम चूंकि आधार नंबर बेस स्कीम है इसलिए केवाईसी में राशनकार्ड की कोई जरूरत नही पडेगी। 70 प्लस आयु वर्ग के लोग अपने आधार कार्ड से ऑन लाईन या अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र या किसी च्वाइस सेन्टर पर पहुंचकर ऑनलाईन कार्ड बनवा सकेंगे।

# उपनिरीक्षक भरतदास को दी समारोह पूर्वक विदाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कृषि उपज मंडी समिति बलौदा बाजार में कार्यरत भरत दास वैष्णव उप निरीक्षक की अर्धवार्षिकी आयु पूर्ण करने पर मंडी समिति बलौदाबाजार के कर्मचारियों द्वारा भावभीनी विदाई दी गई। विदाई समारोह में श्री वैष्णव द्वारा किए गए कार्यो को याद करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। श्री वैष्णव एक सरल सहज मृदूभाषी व्यक्तित्व के धनी कर्मचारी रहे। इनके कार्य की शैली, लगन, निष्ठा को सभी कर्मचारियों द्वारा याद किया गया।

**ये रहे मौजूद:** कार्यक्रम में मंडी सचिव भुवन लाल जायसवाल अनुभाग विभाग अधिकारी भुवनेश्वर सेन लेखपाल परशुराम सोनवानी सहायक ग्रेड 2 जितेंद्र वर्मा कंप्यूटर ऑपरेटर अविरेश देवांगन सहायक ग्रेड 3 टीकाराम साहू प्रवीण कुमार सिंन्हा उप निरीक्षक गोपाल लांजी संजीव प्रकाश शतरंज राकी कुमार भृत्य शिव कुमार कन्नौजे अविनाश पांडे विनोद वर्मा आदि कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# मंडल और जिलाध्यक्षों के चुनाव में भाजपा चाहती है सर्वसम्मति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा के संगठन चुनाव को लेकर कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में शनिवार को राज्य स्तरीय कार्यशाला में भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन, राष्ट्रीय सह चुनाव प्रभारी नरेश बंसल, चुनाव पर्यवेक्षक गजेंद्र पटेल, प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, प्रदेश के चुनाव प्रभारी खूबचंद पारख ने कार्यशाला में आए प्रदेशभर के पदाधिकारियों को साफ शब्दों में कहा, मंडल और जिलाध्यक्षों के चुनाव में दावेदारों के साथ मिल बैठकर बात करें और एक नाम पर सहमति बनाकर उनको जिम्मेदारी सौंपी जाए। हरसंभव प्रयास यही करना है कि किसी भी स्थिति में मतदान की नौबत न आए, लेकिन वहां पर मतदान की स्थिति बनती है, तो मतदान भी कराया जा सकता है। इसके पहले प्रदेश में भाजपा के 60 लाख सदस्य बनने पर गुब्बारे उड़ाए गए।

### 60 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य पूरा

प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन ने कहा, सदस्यता अभियान की सफलता ने बताया कि भाजपा का परचम किस प्रकार से छत्तीसगढ़ में लहरा रहा है। छत्तीसगढ़ को जो लक्ष्य केंद्रीय नेतृत्व ने दिया उस लक्ष्य को हमने पूरा किया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने कहा, प्रदेश के सभी कार्यकर्ता एवं सभी पदाधिकारियों ने 86 दिनों में 60 लाख के सदस्य लक्ष्य प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत की है। भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री महामंत्री पवन साय ने कहा, सदस्यता अभियान में आप सभी लोगों ने बहुत अच्छा कार्य किया। सदस्यता अभियान के प्रदेश संयोजक अनुराग सिंह देव ने विस्तार से अभियान की पूरी जानकारी दी। सक्रिय सदस्यता के बारे में प्रदेश प्रभारी संजय श्रीवास्तव ने बताया कि 60 हजार सक्रिय सदस्य बन गए हैं। यह आंकड़ा 80 हजार तक जाएगा। कार्यशाला में प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा, भरत वर्मा, रामजी भारती पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव, भूपेन्द्र सवन्नी, निर्मल सिन्हा, लक्ष्मी वर्मा, विक्रम उसेंडी, सदस्यता अभियान के संयोजक, सहसंयोजक मौजूद रहे।






### 2 दिसंबर को सभी जिलों में कार्यशाला

कार्यशाला में प्रदेश के चुनाव प्रभारी खूबचंद पारख ने बताया, 30 नवंबर तक बूथों में बूथ कमेटियां का चुनाव पूरा करना था, लेकिन अभी 15 हजार बूथों में ही कमेटियां बनी हैं, 9 हजार से ज्यादा में अभी चुनाव बचे हैं। ऐसे में बूथों कमेटियों के चुनाव पांच दिसंबर तक पूरे करने की नई समय सीमा तय की गई। इसी के साथ मंडलों और जिलाध्यक्षों के चुनाव के पहले सभी जिलों में दो दिसंबर को कार्यशाला करने के निर्देश दिए गए। 3 दिसंबर से 15 दिसंबर तक मंडलों और फिर 16 से 31 दिसंबर तक जिलाध्यक्षों के चुनाव होंगे। श्री पारख ने कहा, मंडल अध्यक्ष एवं नया जिला अध्यक्ष बनने के बाद जब नई कार्यकारिणी बनेगी तो 12 लोगों में तीन महिलाएं होनी चाहिए, इसी के साथ सभी वर्गों को अवसर देना है। राष्ट्रीय चुनाव प्रभारी नरेश बंसल ने मंडल और जिलाध्यक्ष बनने के लिए कार्यकर्ता में क्या योग्यता होनी चाहिए, इसकी पूरी जानकारी दी। मंडल अध्यक्ष के लिए 45 साल और जिलाध्यक्ष के लिए 60 साल की आयु सीमा तय की गई है।

# बिगड़ा मौसम का मिजाज, किसानों व सोसायटियों की मुसीबत बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में रविवार को बदला हुआ मौसम रहा। हल्की बारिश हुई। हालांकि दिन का तापमान सामान्य दिनों की तरह रहा लेकिन जिले के कुछ जगहों में बारिश की होने की जानकारी मिली है।

बंगाल की खाड़ी से उठे चक्रवात फेंगल का असर जिला मुख्यालय सहित आसपास के ब्लॉकों में देखने को मिला रहा है। चक्रवात के चलते रविवार के दिन जिले में कहीं हल्की तो कहीं मध्यम से तेज बारिश हुई। अब आगामी 2 दिसंबर तक फेंगल का असर जिले में रहने की संभावना मौसम विभाग ने जताई है। बताया गया कि आगामी दिनों में अंचल में धने कोहरे की वजह से दृष्यता में कमी हो सकती है। यदि, सोमवार को भी बारिश होती है तो 90 फीसदी उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी पर ब्रेक लग सकता है। इधर, रविवार हुई बारिश के चलते इसका प्रभाव सीधे किसानों की खड़ी फसल पर पड़ेगा। जिन किसानों की फसल कटाई के बाद खलिहान में रखी है या उपार्जन केंद्रों में रखी है उसकी गुणवत्ता तथा रंग प्रभावित हो सकती है। इसे लेकर किसान चिंतित हैं।

बता दें कि धान खरीदी को लेकर आज 15 दिन हुये हैं। जिसमें महज 10 दिन ही खरीदी हो सकी है। वहीं, अभी 50 फीसदी फसल की कटाई शेष है। लेकिन अचानक आये चक्रवात ने किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें खींच दी। मिली जानकारी के अनुसार मौसम के 4 दिनों तक खराब रहने की संभावना मौसम वैज्ञानिकों ने पूर्व में ही जताई थी। बीती रात 9 बजे के बाद से ही मौसम में आंशिक परिवर्तन दिखाई देने लगे थे। सुबह 6 बजे तक आसमान पर बादल छा चुके थे।



### स्वधा नाम के जाप से मन को मिलती है शांति

**महासमुंद**। स्वधा नाम के जाप से मन को शांति, पुष्टि और तृप्ति की प्राप्ति होती है। इसलिए जब मन अशांत हो तो मानव को स्वधा देवी का जाप करना चाहिए। जिस प्रकार देवताओं को तृप्त करने के लिए स्वाहा बोलकर भोजन दिया जाता है। उसी प्रकार पितरों की तृप्ति के लिए स्वधा का जाप करना चाहिए। स्थानीय लालवानी गली में चल रहे श्रीमद् देवी भागवत कथा पुराण में कथा का बखान करते हुए पं. पंकज तिवारी ने व्यासपीठ से उपस्थित श्रद्धालुओं से कहा कि गया में पिंडदान करने के बाद भी अपने पितरों को तृप्त करने के लिए श्राद्ध पर्व में तर्पण करना चाहिए। जब पितर तृप्त होंगे तो वह अपने पुत्रों को सभी प्रकार के सुखों से तृप्त करते हैं। पुत्रों को श्रेष्ठ फल चाहिए तो उन्हें अपने पितरों की उपासना करें। श्राद्ध पक्ष में हाथ के पितृतीर्थ से अपने पितरों को तर्पण करते हुए तस्मै स्वधा का उच्चारण करते हुए जल प्रदान करें इससे पितर तृप्त होते हैं। चावल से देवताओं को जौ से ऋषियों को और तिल से पितरों को जल अर्पण किया जाता है। कथा का बखान करते हुए महाराज जी ने बताया कि देवताओं ने भगवान ब्रह्मा से याचना की कि उन्हें तृप्त करने का उपाय बताएं।

Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

HCC Hearing Care Center IS NOW हिअरज़ॅप™
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
श्रवण यंत्र पर भारी छूट ▸ कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) ▸ स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर • भिलाई • बिलासपुर • रायपुर • जगदलपुर • कोरबा
47 YEARS OF TRUST | 130+ EXPERIENCE CENTRES PAN INDIA
PHILIPS REXTON HEARING AIDS AVAILABLE
9659 455 455
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH
TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### पतेरापाली के विद्यार्थी सम्मान समारोह

**महासमुंद**। बीमा स्कूल कार्यक्रम के तहत बागबाहरा क्षेत्र के ग्राम बीकेबाहरा एवं ग्राम पतेरापाली में प्राइमरी स्कूल एवं हाईस्कूल में बच्चों का सम्मान किया गया। ग्राम बीके बाहारा प्राइमरी स्कूल में क्लास एक से लेकर पांचवी तक बच्चों का सम्मान किया गया एवं पतेरापाली में 9वीं 10वीं 11वीं और 12वीं के बच्चों का सम्मान किया गया, जो पिछले साल क्लास में प्रथम और द्वितीय आए थे। महासमुंद के लाइफ इंश्योरेंस एडवाइजर राकेश झाबक एवं बागबाहरा के अभिकर्ता प्रियेश जैन द्वारा यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था जिसमें स्कूल के प्रिंसिपल के अलावा सभी शिक्षकों की उपस्थित थी।

### राज्य सरकार के फैसले का स्वागत

**महासमुंद**। छत्तीसगढ़ में जमीन को बंटवारे, दान और हक त्यागने वालों के लिए अच्छी खबर है। राज्य में सुशासन की सरकार लौटने से प्रदेश में जमीन दान, बंटवारे या हक त्यागने को लेकर विष्णु देव सरकार ने बड़ी राहत दी है। भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का किसानों की ओर से आभार व्यक्त किया व बधाई दी। अब राज्य में जमीन दान, बंटवारे या हक त्यागने के लिए रजिस्ट्रेशन फीस मात्र 500 रुपए लगेगा। पहले इन तीनों के लिए मार्केट रेट 0.8% चार्ज देना पड़ता था। यानी अगर जमीन का रेट 1 करोड़ रुपए है तो 80 हजार रुपए रजिस्ट्रेशन फीस लगती थी। लेकिन अब संपत्ति का दाम कितना भी अधिक हो, रजिस्ट्रेशन फीस 500 रुपए ही लगेगा। साहू ने कहा पहले स्टांप ड्यूटी के लिए 0.5 प्रतिशत, हकत्याग के लिए 0.5 प्रतिशत चार्ज को यथावत रखा गया है। राज्य में सुशासन की सरकार के इस कदम से प्रदेश के हजारों लोगों को फायदा मिलेगा। उनके लिए भी ये फायदेमंद होगा जो अपनों को अचल संपत्ति उपहार में देते हैं।

**आयोजन : उत्कृष्ट कार्य करने वाले विद्यार्थियों को मेडल भी दिया गया**

# रोसेयो स्वयंसेवकों को किया गया प्रमाणपत्र का वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

शासकीय नवीन महाविद्यालय वटगन द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना सप्त दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन 24 से 30 नवंबर तक किया गया था। सातवें दिवस सभी स्वयंसेवकों को प्रमाणपत्र का वितरण मुख्य अतिथि बम्हनी सरपंच रत्ना देवी निषाद, विशिष्ट अतिथि सरपंच प्रतिनिधि बद्रिका निषाद विशिष्ट अतिथि साहू प्राथमिक शाला बम्हनी विशिष्ट अतिथि ध्रुव पूर्व माध्यमिक शाला बम्हनी एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय वटगन के प्राचार्य चंद्रकांत जलहरे ने किया।

कार्यक्रम में सभी स्वयंसेवकों को सात दिवसीय विशेष शिविर में उत्कृष्ट प्रदर्शन को देखते हुए प्रमाण पत्र और मेडल प्रदान किया गया। स्वयंसेवकों को शिविर में दायित्व दिए गए थे, उन्हें भी मेडल प्रदान किया गया । बेस्ट मैस ड्यूटी ग्रुप 1 कौड़ियां , बेस्ट संत्री ड्यूटी ग्रुप 5 , बेस्ट परियोजना कार्य ग्रुप 3, बेस्ट सांस्कृतिक कार्यक्रम ग्रुप 4 और बेस्ट स्वयंसेवक अंजू निषाद को चयन किया गया। साथ ही वरिष्ठ स्वयंसेवकों को भी प्रमाण पत्र मेडल प्रदान किया गया। कार्यक्रम अधिकारी राम प्रकाश जोशी ने विशेष शिविर की जानकारी देते हुए आए अतिथियों एवं ग्रामवासियों का आभार प्रकट किया। इसके बाद कार्यक्रम समापन की घोषणा की।

**सात दिनों तक स्वयंसेवकों ने की विभिन्न गतिविधियां**



### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर अतिथि व्याख्याता उमेश श्रीवास ,डॉ नोहर सिंह,भूमिका साहू, वरिष्ठ स्वयं सेवक टुकेश साहू, डिगेश्वरी सेन, कुनाल सेन,रोहित साहू, शिवा कन्नौजे दीपक साहू,बसंत साहू,उल्लास वर्मा,चित्रगुप्त साहू गोमती, मीनू, दमानी अंजलि वर्मा, शिविर नायक सत्यप्रकाश कुर्रे,शिविर नायिका कोमिन साहू, वंदना निषाद, लक्ष्मी वैष्णव, दीपिका पटेल, साहिल बंजारे, दुर्गा निषाद, क्षमा चंद्राकर,नेहा बघेल,भूमि, नीलम फेकर , टोकेश्वर देवदास, दीपेश देवांगन,पूजा कन्नौजे आदि उपस्थित थे।

### सर्रा में रासेयो के सात दिवसीय विशेष शिविर का हुआ शुभारंभ



पलारी। शासकीय बृजलाल वर्मा महाविद्यालय पलारी के द्वारा संचालित सप्त दिवसीय विशेष शिविर ग्राम पंचायत सर्रा में लगाया गया।प्रथम दिवस शिविर का शुभारंभ पूजा अर्चना कर किया गया। जिसके मुख्य अतिथि वीरेंद्र वर्मा सरपंच, अध्यक्षता डॉ. ए. के. उपाध्याय प्राचार्य, तथा महाविद्यालय पलारी के समस्त स्टाफ उपस्थित थे। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी बीरेंद्र कुमार खरे वरिष्ठ स्वयं सेवक गैंदराम धीवर, दीपक वर्मा, टिकेश्वर साहू, माधुरी वर्मा, उर्वशी वर्मा तथा रासेयो के स्वयं सेवक योगेश, सुरेंद्र, साहिल, युवराज,नवीन, शैलेन्द्र, पुनेश्वर, डिगेश, आलोक, लक्की, ममता , अन्नपूर्णा, मनीषा, हेनुका, दीपिका, किरण, रेखा, संजना, यामिनी, लोकेश, सागर, थामेश, आदि स्वयंसेवक उपस्थित थे।

# बिलाईगढ़ कालेज के रासेयो शिविर में प्रभात फेरी निकाली व किया व्यायाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़



शहीद वीर नारायण सिंह महाविद्यालय बिलाईगढ़ के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा प्राचार्य डॉ उमाकांत मिश्र के निर्देशन एवं कार्यक्रम अधिकारी तुलेश्वर सिंह के मार्गदर्शन में 50 स्वयं सेवकों की टीम द्वारा महाविद्यालय से 14 किमी दूर स्थित देवरहा गांव में लगाया गया है ।

यह शिविर 29 नवम्बर से 5 दिसंबर तक सात दिवस तक चलेगा। विदित हो कि भारत सरकार युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रलय नई दिल्ली एवं उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रदत्त माय भारत डिजिटल साक्षरता के लिए युवा थीम पर इस शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उद्घाटन सत्र में ग्राम पंचायत देवरहा के सरपंच परमेश्वर केवर्त्य मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के शिविरार्थियों का अपने गांव में स्वागत करते हुए कहा कि आपके आने से मेरे गांव के लोगों में जागरूकता बढ़ेगी क्योंकि एन एस एस जन जागरूकता फैलाने वाली योजना है जहां भी एन एस एस शिविर लगता है वहां लोगों में स्वतः जागरूकता बढ़ती है उद्घाटन सत्र में पूर्व माध्यमिक शाला और प्राथमिक शाला देवरहा के प्रधान पाठक भी उपस्थित रहे आगामी सात दिनों में बिलाईगढ़ कॉलेज के स्वयं सेवकों द्वारा विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से जनजागरुकता अभियान चलाया जाएगा रोज सुबह 5 बजे से रात्रि 10 बजे तक स्वयं सेवकों द्वारा प्रभात फेरी योगा, पीटी व्यायाम , परियोजना कार्य, बौद्धिक परिचर्चा , ग्राम संपर्क, खेल कूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# सेवा व एकता से जीवन और समाज में आध्यात्मिक चेतना का होता है विकास

हरिभूमि न्यज ⏭ बलौदाबाजार



स्थानीय नगर भवन में रविवार को प्रोजेक्टर के माध्यम से संत रामपाल महाराज का एक दिवसीय सत्संग का आयोजन रखा गया। इस अवसर पर हजारों की संख्या में रामपाल के अनुयायी उपस्थित थे। इस अवसर पर प्रोजेक्टर के माध्यम से संत रामपाल महाराज ने उपस्थिति अनुयायियों से समाज में एकता और सेवा की भावना को बढ़ावा देने की बात कही। उन्होने आध्यात्मिक ज्ञान और जीवन के मूल्यों पर प्रकाश डालते हुए आध्यात्मिक ज्ञान और सेवा के माध्यम से हम समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की बात कही। अपने संदेश में समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रेरित किया है। कार्यक्रम में उपस्थित अनुयायियों ने महाराज के प्रवचनों को ध्यान से सुना और उनके संदेश को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लिया।

- संत रामपाल महाराज के सत्संग सभा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु हुए शामिल हुए

### सत्संग शिविर में 50 यूनिट रक्तदान किया गया

सत्संग के दौरान आयोजित रक्तदान शिविर में अनुयायियों द्वारा 50 यूनिट रक्त दान किया गया। इसके अलावा, 100 लोगों ने देह दान का संकल्प लेते हुए देह दान को जीवन के मूल्यों को बढ़ावा देने की बात कही। इसके अलावा सत्संग के दौरान, 2 जोड़ों का दहेज मुक्त विवाह भी आयोजित किया गया। जो ए समाज में दहेज प्रथा के खिलाफ लड़ने समाज में महिलाओं के अधिकारों को बढ़ावा देने का कार्य है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से अनुयायी मोहन पटेल, दीनदयाल पटेल, अदालत दास मानिकपुरी, राम खिलावन पटेल की सक्रिय भूमिका रही।

